Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 04 दिसंबर, 2023

महासागर (MAHASAGAR) पहल

हाल ही में भारतीय नौसेना की पहल **महासागर (MAHASAGAR)** के पहले सत्र का आयोजन हुआ जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के विभिन्न देशों के समुद्री प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

थीम: 'सामान्य चुनौतियों का मुकाबला करने की दिशा में सामूहिक समुद्री दृष्टिकोण (Collective Maritime Approach towards Countering Common Challenges)।

- MAHASAGAR का तात्पर्य क्षेत्र में **सभी के लिये सक्रिय सुरक्षा** और **विकास हेतु समुद्री दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता है**। इसका उद्देश्य **IOR देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा** देने वाली उच्च स्तरीय वार्ता के लिये एक मंच तैयार करना है।
  - **इसमें बांग्लादेश, कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका** और **तंज़ानिया** की नौसेनाओं और समुद्री एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए।
- MAHASAGAR भारत सरकार के SAGAR दृष्टिकोण (**क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास**) के अनुरूप है।
  - वर्ष 2015 में भारत ने आर्थिक और सुरक्षा मोर्चों पर अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिये हिंद महासागर हेतु अपनी रणनीतिक दृष्टि अर्थात् **क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (SAGAR)** का अनावरण किया।

और पढ़ें... सुरक्षित हिंद महासागर

NCMC ने चक्रवात 'मिचौंग' को लेकर तैयारी की समीक्षा की

हाल ही में **राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (NCMC)** ने **बंगाल की खाड़ी** की ओर तेज़ी से बढ़ रहे चक्रवात 'मिचौंग' के लिये राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों की तैयारी का आकलन करने के लिये बैठक बुलाई।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने तूफान के वर्तमान स्थान और अनुमानित पथ की सूचना दी, जो तटीय आंध्र प्रदेश में संभावित भूस्खलन का संकेत देता है।
- NCMC प्राकृतिक आपदा के मद्देनज़र राहत उपायों और कार्यों के समन्वय एवं कार्यान्वयन के लिये गठित एक समिति है।
- **NCMC** भारत को प्रभावित करने वाले प्रमुख संकटों, आपात स्थितियों और आपदाओं की प्रतिक्रिया का समन्वय और निगरानी करता है।
  - **NCMC का नेतृत्व कैबिनेट सचिव करता है।**
- **चक्रवात मिचौंग** एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है, जिसके बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में उत्पन्न होने की संभावना है।
  - 'मिचौंग' का नाम म्याँमार द्वारा दिये गए सुझाव के आधार पर रखा गया है। इसका अर्थ है ताकत और लचीलापन।

और पढ़ें... चक्रवात

भारतीय नौसेना दिवस 2023

वर्ष **1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध** के दौरान एक महत्त्वपूर्ण आक्रामक युद्धाभ्यास **ऑपरेशन ट्राइडेंट** का सम्मान करने के लिये भारत प्रत्येक वर्ष **4 दिसंबर, 2023** को नौसेना दिवस मनाता है।

- **ऑपरेशन ट्राइडेंट**, वर्ष 1971 के संघर्ष के दौरान एक निर्णायक क्षण था, जिसमें कराची बंदरगाह के समीप तीन जहाज़ों को निष्क्रिय करने के लिये **4 SS-N-2 Styx मिसाइलों** से लैस **सोवियत ओसा मिसाइल नौकाओं** का उपयोग कर भारतीय नौसेना की रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन किया गया था।
- वर्तमान में **कमांडर प्रेरणा देवस्थली** भारतीय नौसेना के युद्धपोत (वॉटरजेट FAC INS त्रिंकट) की कमान संभालने वाली भारतीय नौसेना की पहली महिला अधिकारी होंगी।

और पढ़ें... भारतीय नौसेना दिवस

पूर्वोत्तर भारत हेतु नए अंतर्राष्ट्रीय हवाई मार्ग

हाल ही में **केंद्र की 'उड़े देश का आम नागरिक' (UDAN) पहल** ने **पूर्वोत्तर राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से जोड़ने वाले चार नए हवाई मार्गों को मंज़ूरी** दी है।

- ये मार्ग **असम को थाईलैंड** और **बांग्लादेश, मणिपुर को म्याँमार** तथा **त्रिपुरा को बांग्लादेश से जोड़ेंगे**।
- उड़ान या UDAN योजना के तहत इन मार्गों पर **रियायती हवाई किराए** की पेशकश की जाएगी, जो क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- UDAN योजना में **हवाई किराए के लिये राज्य सब्सिडी** शामिल है, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बोली प्रक्रिया, एयरलाइन चयन और उसके बाद सब्सिडी आवंटन का प्रबंधन करता है, जिसमें राज्य सबसे कम बोली लगाने वाले को व्यवहार्यता अंतर निधि प्रदान करते हैं।
  - **वर्ष 2022 में शुरू** की गई 'अंतर्राष्ट्रीय UDAN' का उद्देश्य **विशिष्ट राज्यों से अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों तक हवाई कनेक्टिविटी** बढ़ाकर **सामाजिक-आर्थिक प्रगति** को बढ़ावा देना है।

और पढ़ें... UDAN पहल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-december-2023